प्रति,

प्राचार्य महोदया जी
बी. सी. एस. कॉलेज धमतरी
(छ. ग.) 493773

विषय :- M.A IV Sem. (History) के छात्रों को विदाई कार्यक्रम देने हेतु बाबत।

महोदया, विषयान्तर्गत हेतु निवेदन है, कि हम II Sem (History) के छात्र M.A IV Sem (History) के छात्रों के लिए विदाई कार्यक्रम दिनाँक 06/03/2023 को ~~आयोजित~~ नया भवन सेमीनार हॉल में आयोजित ~~किया~~ जायेगा, अतः कृपया उक्त कार्यक्रम के लिए अनुमति प्रदान करने की महान कृपा करेंगे।

धन्यवाद

आयोजित कार्यक्रम
दिनाँक - 06/03/2023
दिन - सोमवार
समय - 10:00 - 4:00

प्रार्थी
M.A II Sem समस्त
छात्र - छात्रा

28/02/2023
ST हेमवती ठाकुर

Permitted.
28/2/23

कार्यालय प्राचार्य
बी.सी.एस. शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, धमतरी (छ.ग.)
Website - www.bcspgcdmt.com
E-mail - pgcollege.dhamtari@gmail.com
AISHE CODE: C-21763
दूरभाष– 07722–238933
फैक्स – 07722–237933

दिनांक /03/2023

# ॥ सूचना ॥

एम.ए.इतिहास- द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं को सूचित किया जाता है कि दिनांक 06.03.2023 को समय 11:00 बजे से नया भवन के सेमीनार हॉल में सम्मान एवं बिदाई समारोह का आयोजन किया गया है। सभी छात्र-छात्राएँ अनिवार्यतः अपनी उपस्थिति देवें।

05.03.2023

( डॉ. हेमवती ठाकुर )
विभागाध्यक्ष, इतिहास विभाग
बी.सी.एस.शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
जिला–धमतरी ( छ.ग. )

( डॉ.श्रीदेवी चौबे )
प्र.प्राचार्य
बी.सी.एस.शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
जिला–धमतरी ( छ.ग. )

कार्यालय प्राचार्य
बी.सी.एस. शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, धमतरी (छ.ग.)
Website – www.bcspgcdmt.com
E-mail – pgcollege.dhamtari@gmail.com
NAAC GRADE-'B+'
AISHE CODE- C-21763
दूरभाष – 07722-236933
फैक्स – 07722-237933

दिनांक 07/03/2023

// प्रेस विज्ञप्ति//

## सम्मान एवं विदाई समारोह

बी.सी.एस.शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, धमतरी के इतिहास विभाग के जुनियर छात्रों ने अपने सीनियर छात्रों के लिए सम्मान सह विदाई कार्यक्रम का आयोजन किया। महाविद्यालय के सेमीनार हॉल में सम्पन्न इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ.श्रीदेवी चौबे थी एवं विभागाध्यक्ष डॉ. हेमवती ठाकुर इस अवसर पर उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य द्वारा दीप प्रज्जवलित कर की गई। कार्यक्रम में एम.ए.–इतिहास द्वितीय सेमेस्टर के छात्रों द्वारा अपने सीनियर एवं सुपर सीनियर छात्रों का स्वागत किया गया। सीनियर एवं पूर्व छात्रों ने महाविद्यालय में अपने अनुभव सबके साथ सांझा किया और इस तरह जूनियर छात्रों एवं इतिहास विभाग द्वारा पूर्व छात्रों को याद करते हुए कार्यक्रम आयोजित किए जाने की सराहना की गई। इस अवसर पर शैक्षणिक सत्र 2021–23 में विश्वविद्यालयीन परीक्षा में प्रावीण्य सूची में नवम एवं दशम स्थान प्राप्त करने पर वाणी एवं ओमकुमारी को प्राचार्य द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियॉ प्रश्नोत्तरी, नृत्य, गायन प्रतियोगिताएँ आदि संपन्न हुए। अपने उद्‌बोधन में प्राचार्य द्वारा छात्रों को महाविद्यालय से सतत् रूप से जुड़े रहने का आह्वान किया गया। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय अपने छात्रों को कभी विदाई नहीं देता अपितु एल्युमनी के रूप में सभी पूर्व छात्रा–छात्राएँ महाविद्यालय से जुड़े रहते हैं। इस अवसर पर उन्होंने आधुनिक तकनीकी का सदपयोग करने की समक्षाईश दी एवं युवा पीढ़ी को तकनीक के गुलामी से बचने की सलाह दी। विभागाध्यक्ष डॉ. हेमवती ठाकुर ने कार्यक्रम आयोजन कर एक अच्छी परम्परा को कायम रखने के लिए जूनियर छात्रों को बधाई एवं शुभकामनाएँ दी।

कार्यक्रम में इतिहास विभाग के सहायक प्राध्यापक के.के. देवांगन, डॉ. जितेन्द्र कुमार मानकर, नरेन्द्र सलाम, भारती, नीलिमा, अंजनी, योगेश, कुम्भ कुमार, दुष्यंत, पूर्व छात्रा ओमकुमारी, भारती शर्मा, मधु मारकाण्डे, रेशमा, सत्याभामा के अलावा एम.ए.द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर के छात्र–छात्राएँ उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन लीना गोस्वामी एवं साथियों ने की।

प्र.प्राचार्य
बी.सी.एस.शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
जिला–धमतरी (छ.ग.)

## ा उल्लेख

# मान
# केत



का संदेश देकर राम
होली के रंग को
रंगोत्सव के त्यौहार
ने का प्रयास किया।
विधायक चंद्राकर ने
रूद के सांस्कृतिक
विस्तृत होते रहे हैं,
कास कार्यों से लेकर
दैव अग्रणी रहा है।
वन्देमातरम परिवार
चन्द्राकर ने भी
ा।

## इतिहास विभाग के जूनियर छात्रों ने दी सीनियर छात्रों को विदाई

धमतरी। बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के इतिहास विभाग के जूनियर छात्रों ने सीनियर छात्रों के लिए सम्मान सह विदाई कार्यक्रम का आयोजन किया। मुख्य अतिथि इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ. हेमवती ठाकुर थीं। अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. श्रीदेवी चौबे ने की। एमए इतिहास द्वितीय सेमेस्टर के छात्रों ने सीनियर एवं सुपर सीनियर छात्रों का स्वागत किया। सीनियर एवं पूर्व छात्रों ने अपने अनुभव सबके साथ साक्षा किये। इस अवसर पर पूर्व वर्षों में विश्वविद्यालयीन परीक्षा में प्रावीण्य सूची में नवम एवं दशम स्थान प्राप्त करने पर वाणी एवं ओमकुमारी को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सांस्कृतिक गतिविधियां, प्रश्नोत्तरी, नृत्य, गायन प्रतियोगिता हुई। अपने उद्बोधन में प्राचार्य ने छात्रों को महाविद्यालय से सतत रूप से जुड़े रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय अपने छात्रों को कभी विदाई नहीं देता अपितु एल्युमनी के रूप में सभी पूर्व छात्र-छात्राएं महाविद्यालय से जुड़े रहते हैं। कार्यक्रम में सहायक प्राध्यापक केके. देवांगन, डॉ. जितेन्द्र कुमार मानकर, नरेन्द्र सलाम, भारती, नीलिमा, अंजनी, योगेश, कुम्भ कुमार, दुष्यंत, ओमकुमारी, भारती शर्मा, मधु मारकण्डे, रेशमा, सत्याभाम उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन लीना गोस्वामी ने किया।

# श बघेल के बजट से
# ी की लहर : डॉ. ध्रुव